


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## कड़ाके की ठंड के बीच प्रदूषण का कहर



एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, सोमवार सुबह दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 418 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। Delhi Air Pollution Update: राजधानी में पारा गिरने और खराब मौसम की स्थिति ने दिल्ली को गैस चैंबर बना दिया है। सोमवार सुबह को भी हवा गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे की मोटी परत से हुई। इसके चलते कई इलाकों में दृश्यता बेहद रही। गंभीर प्रदूषण के चलते सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, लोगों को आंखों में जलन जैसी समस्या हुई। यही नहीं, सड़कों पर लोग मास्क पहने हुए दिखे। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, सोमवार सुबह दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 418 दर्ज किया गया है, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के अलीपुर में 395, आनंद विहार में 462, अशोक विहार में 473, आया नगर में 340, बवाना में 448, बुराड़ी में 460, और चांदनी चौक इलाके में 454 एक्यूआई दर्ज किया गया है।वहीं, डीटीयू इलाके में 467, द्वारका सेक्टर-8 में 427, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 में 340, आईटीओ में 431, लोधी रोड में 382, मुंडका में 467, नजफगढ़

## ग्वाटेमाला हिंसा




### मध्य अमेरिकी देश में गैंगवार से दहशत, जेल में हिंसा के बाद सात पुलिसकर्मियों की हत्या

मध्य अमेरिकी देश ग्वाटेमाला में गैंग हिंसा ने एक बार फिर देश की कानून-व्यवस्था को हिला कर रख दिया है। जेलों में कैदियों के विद्रोह और उनके नियंत्रण के बाद राजधानी समेत कई इलाकों में पुलिस पर हुए हमलों में 7 पुलिस अधिकारियों की जान चली गई, जिससे पूरे देश में दहशत का माहौल है।मध्य अमेरिकी देश ग्वाटेमाला में गैंग हिंसा ने एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल दी है। राजधानी ग्वाटेमाला सिटी और आसपास के इलाकों में हुए समन्वित हमलों में 7 पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।यह हिंसा उस वक्त भड़की जब सुरक्षा बलों ने देश के दक्षिण-पश्चिमी हिस्से में स्थित रेनोवेशन अधिकतम सुरक्षा जेल पर दोबारा नियंत्रण हासिल किया।

## नेपाल राजनीति

### बालेन शाह ने मेयर पद से दिया इस्तीफा, लड़ेंगे आम चुनाव; RCP ने बनाया प्रधानमंत्री का दावेदार




काठमांडू महानगरपालिका के मेयर बालेन शाह ने 5 मार्च को होने वाले चुनाव लड़ने के लिए अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने उन्हें प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है। बालेन झापा-5 सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं, जहां उनका मुकाबला केपी शर्मा ओली से माना जा रहा है।नेपाल की राजनीति में रविवार को बड़ा घटनाक्रम सामने आया, जब काठमांडू महानगरपालिका के मेयर बालेन्द्र शाह ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। लोकप्रिय रूप से बालेन के नाम से पहचाने जाने वाले शाह ने 5 मार्च को होने वाले आम चुनाव लड़ने के लिए यह फैसला लिया है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) ने उन्हें अपना प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया है। इस कदम के बाद नेपाल की सियासत में नई हलचल तेज हो गई है। बता दें, नेपाल में हुई क्रांति का ये मुख्य चेहरा थे।बालेन शाह ने इस्तीफा देते हुए स्पष्ट किया कि उनका फैसला नेपाल के संविधान 2015, स्थानीय सरकार संचालन अधिनियम 2017 और काठमांडू महानगरपालिका से जुड़े मौजूदा कानूनों के अनुरूप है। उन्होंने उपमेयर सुनीता डंगोल को संबोधित पत्र में कहा कि मेयर रहते हुए उन्होंने ईमानदारी से शहर और नागरिकों के हित में काम करने का प्रयास किया। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी महानगर की प्रशासनिक व्यवस्था पारदर्शी और परिणामोन्मुखी बनी रहेगी।इस्तीफा देने के एक घंटे के भीतर ही बालेन शाह आरएसपी के मुख्यालय पहुंचे। वहां पार्टी अध्यक्ष रबी लामिछाने के साथ उन्होंने घंटी बजाई, जबकि समर्थकों ने नारे लगाकर उनका स्वागत किया। इसी दिन बालेन शाह ने आरएसपी के वरिष्ठ नेता के रूप में भी जिम्मेदारी संभाल ली। पार्टी ने उन्हें आगामी चुनाव के बाद संसदीय दल का नेता और प्रधानमंत्री पद का चेहरा घोषित किया है।

## आम चुनाव में पूर्व PM ओली के लिए चुनौती बनेंगे ये युवा नेता



नेपाल की वरिष्ठ पत्रकार सरस्वती कर्माचार्य ने कहा, 'केपी ओली के लिए इस बार का संसदीय चुनाव न केवल एक कठिन चुनौती होगा। उनके प्रतिद्वंद्वी पूर्व महापौर बालेन की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए, यह उनके पांच दशक से अधिक लंबे राजनीतिक करियर के लिए भी खतरा बन सकता है।नेपाल में कड़ाके की ठंड के बावजूद चुनाव प्रचार ने सियासी गर्मी बढ़ा रखी है। तीन राजनीतिक दलों ने 5 मार्च को होने वाले आम चुनावों के लिए अपने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवारों का एलान कर दिया है। देश की सबसे बड़ी पार्टी कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) ने हाल ही में अपदस्थ प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को आधिकारिक तौर पर अपना प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया है।

## किश्तवाड़ के जंगलों में पाकिस्तानी आतंकियों से भीषण मुठभेड़



किश्तवाड़ जिले के ऊंचाई वाले इलाके के सुदूर जंगलों में रविवार को शुरू हुई पाकिस्तानी आतंकियों से भीषण मुठभेड़ में सेना के आठ जवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक जवान को एयरलिफ्ट कर उधमपुर कमांड हॉस्पिटल ले जाया गया। दोनों ओर से कई घंटों तक भीषण गोलीबारी हुई। फिलहाल गोलीबारी रुक गई है। आतंकवादियों को मार गिराने और घेराबंदी को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त बल भेजे गए हैं। आतंकी भागने न पाएं इसके लिए ड्रोन और खोजी कुत्तों को भी सर्च ऑपरेशन में लगाया गया है।जानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब सवा 11 बजे जंगल में चल रहे तलाशी एवं घेराबंदी अभियान के दौरान सोननाड़-सिंहपोरा, छात्रू के जंगल में घात लगाए बैठे दो से तीन विदेशी आतंकवादियों के एक समूह से सुरक्षाबलों का सामना हो गया। सूत्रों का कहना है कि ये आतंकी पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) से संबंधित हैं। आतंकवादियों ने जवानों को देखते ही अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी। सुरक्षाबलों की घेराबंदी तोड़ने के लिए कुछ ग्रेनेड भी फेंके।सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की और घेराबंदी को और कड़ा करने के लिए सेना, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और पुलिस से अतिरिक्त बल भेजे गए। अधिकारियों ने बताया कि शाम 5.40 बजे तक दोनों पक्षों के बीच रुक-रुककर गोलीबारी होती रही। मुठभेड़ में आठ सैनिक घायल हो गए और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। इनमें से एक जवान को एयरलिफ्ट कर उधमपुर कमांड हॉस्पिटल ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि इनमें से ज्यादातर को ग्रेनेड के स्प्लिंटर लगने से चोटें आई हैं। आतंकवादियों का खात्मा करने के लिए व्यापक तलाशी अभियान जारी है। अभियान में तेजी लाने के लिए ड्रोन सहित उन्नत निगरानी उपकरण और खोजी कुत्ते तैनात किए गए हैं। पूरे इलाके को घेरकर संयुक्त तलाशी अभियान चलाया जा रहा हैजानकारी के अनुसार रविवार सुबह करीब सवा 11 बजे जंगल

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त



# Aaj Ka Rashifal 19 January

## आज वृषभ समेत इन राशि वालों के मान-सम्मान में होगी वृद्धि

आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 19 जनवरी 2026 का राशिफल।आज 19 जनवरी का दिन है और आज के दिन चंद्रमा का गोचर दिन रात मकर राशि में, उत्तराषाढ़ा नक्षत्र के बाद श्रवण नक्षत्र में संचार करेंगे। आज दिन चंद्रमा और मंगल के बीच युति संबंध भी बनेगा। इसके अलावा आज के दिन मकर राशि में पांच ग्रहों के योग से पंचग्रही योग का भी निर्माण होगा।



### मेष

आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में बढ़िया रहने वाला है। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा और आपको अपने कामों में भी अच्छी सफलता मिलेगी। किसी कोर्ट कचहरी से संबंधित मामले में भी आपको जीत मिलती दिख रही है। आप अपनी मेहनत से एक अच्छा मुकाम हासिल करेंगे, जिससे आपको एक पहचान मिलेगी। कारोबार से जुड़ी यदि कोई समस्या थी, तो वह भी दूर होगी। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ कुछ समय व्यतीत करेंगे।

### वृषभ

आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको किसी सामाजिक आयोजन में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा, जहां आपको किसी सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है। आप अपने जीवन साथी के लिए कोई उपहार लेकर आएंगे और अपने रिश्ते में चल रही समस्याओं को भी बातचीत के जरिए दूर करेंगे। आपको सेहत के मामले में थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है, इसलिए आप बाहर के खाने पीने से परहेज रखें।

### मिथुन

आज का दिन आपके लिए तनावग्रस्त रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में अपने बॉस से किसी काम को लेकर डांट खानी पड़ सकती है, इसलिए आप अपना पूरा फोकस काम पर रखें। किसी के प्रति ईर्ष्या द्वेष की भावना अपने मन में ना रखें। मित्रों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा और आपका कोई अपना आपको परेशान करने की कोशिश कर सकता है। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है, जिसे लेकर आप लंबे समय से परेशान थे।

### कर्क

आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं। प्रॉपर्टी से जुड़ा कोई मामला आपकी टेंशनों को बढ़ा सकता है। आपको भाइयों की मदद से कोई उपहार प्राप्त हो सकता है। आपकी अपनी माताजी से किसी बात को लेकर कोई गलतफहमी उत्पन्न हो सकती है। यदि ऐसा हो, तो आप उसे मिल बैठकर दूर करने की कोशिश करें।

### सिंह

आज का दिन आपके लिए लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा और आपकी बिजनेस को लेकर कोई पार्टनरशिप हो सकती है। संतान को किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा, लेकिन आप किसी प्रकार का कोई जोखिम लेने से बचें। अविवाहित जातकों की अपने साथी से मुलाकात हो सकती है। किसी नए घर मकान आदि की खरीदारी करने का आपको मौका मिलेगा, जो जातक सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे हैं, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

### कन्या

आज का दिन आपके लिए साहस व पराक्रम में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको कुछ नया करने की इच्छा जागृत होगी, जिससे आप अपने बिजनेस में कुछ बदलाव करने की सोचेंगे। विद्यार्थी शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और संतान ने यदि किसी परीक्षा को दिया था, तो उसके परिणाम आ सकते हैं। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। आपको अपने परिवार के सदस्यों का पूरा सहयोग मिलेगा। आपको मेहनत का पूरा फल मिलेगा। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती हैं।

### तुला

आज का दिन आपके लिए शौक मौज की चीजों में वृद्धि लेकर आने वाला है। वरिष्ठ सदस्यों का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आपको किसी काम को लेकर बेवजह यात्रा पर जाना पड़ सकता है, इसमें आपको अपने सामानों पर पूरा ध्यान देना होगा। यदि आपने किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। कोई निवेश आप थोड़ा सोच समझकर करें और किसी एक्सपर्ट की सलाह लेकर ही करें। आपको आज कोई साइड इनकम भी मिल सकती है।

### वृश्चिक

आज का दिन आपके लिए बुद्धि व विवेक से निर्णय लेने के लिए रहेगा। आप अपनी घरेलू जरूरतों को लेकर लापरवाही ना करें। वैवाहिक जीवन में आपको कुछ समस्याएं महसूस होंगी, इसलिए आपको तालमेल बनकर चलना होगा। परिवार में किसी सदस्य को रिटायरमेंट मिलने से उनके लिए सरप्राइज पार्टी का आयोजन हो सकता है। आपको अपने भाई व बहनों का पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने पिताजी से काम को लेकर कोई बातचीत कर सकते हैं।

### धनु

आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको आवेश में आकर कोई निर्णय लेने से बचना होगा और आपके विरोधी भी आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। आप किसी नए घर की खरीदारी की यदि योजना बना रहे थे, तो आपको उसमें जरूरी कागजातों पर पूरा ध्यान देना होगा। आप यदि ऑनलाइन काम करते हैं, तो उसमें पूरी समझदारी से ही आगे बढ़े। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को अच्छा मुनाफा मिलेगा। दोस्तों के साथ आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित हो सकते हैं।

### मकर

आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। व्यवसाय में आज किसी तकनीकी समस्या के कारण आपके काम में रुकावट आएंगी। आपको यदि किसी काम को लेकर कोई समस्या महसूस हो, तो आप उसमें बिल्कुल आगे ना बढ़े। आपकी जिम्मेदारियां अधिक रहेंगी, जिससे आपको टेंशन भी होगी। आप अपने तनाव को कम करने के लिए कहीं बाहर जा सकते हैं। जीवन साथी से यदि आपने कोई वादा किया था, तो उसे पूरा अवश्य करें।

### कुंभ

आज का दिन आपके लिए लंबे समय से अटके हुए कामों को पूरा करने के लिए रहेगा और आप अपनी इनकम को बढाने पर भी पूरा ध्यान देंगे। किसी पैतृक संपत्ति से आपको लाभ मिल सकता है और कोई कानूनी मामला यदि आपका लंबे समय से विवाहित था, तो उसमें भी फैसला आपके पक्ष में आने की संभावना है। कार्य क्षेत्र में आपको अपने ओर से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आप अपने किसी मित्र की मदद के लिए कुछ रूपयो का इंतजाम भी कर सकते हैं।

### मीन

आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। कामकाज से जुड़े मामले बेहतर रहेंगे। आपका कोई मित्र आपसे लंबे समय बाद मिलने आ सकता है। आपका यदि कोई बात को लेकर मन परेशान चल रहा था, तो उसको आप अपने जीवनसाथी से सलाह मशवरा कर सकते हैं। संतान की नौकरी को लेकर आपको भाग दौड़ हो सकती है। किसी सरकारी काम में पूरा होने में समस्या आएगी। आप अपने घर के रिनोवेशन के काम को लेकर भी प्लानिंग करेंगे, जिसमें खर्चा भी अधिक होगा।

दैनिक राशिफल (Dainik Rashifal) ग्रह-नक्षत्र की चाल पर आधारित फलादेश है, जिसमें सभी राशियों (मेष, वृष, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन) का दैनिक भविष्यफल विस्तार से बताया जाता है। आज के राशिफल में आपके लिए नौकरी, व्यापार, लेन-देन, परिवार और मित्रों के साथ संबंध, सेहत और दिनभर में होने वाली शुभ-अशुभ घटनाओं का भविष्यफल होता है।

# बाराबंकी: गोरखपुर से दिल्ली जा रही

## बस 15 फीट नीचे गिरकर पलटी, 55 यात्री थे सवार; 12 को आईं गंभीर चोटें



गोरखपुर से दिल्ली जा रही रोडवेज बस बाराबंकी के पास खाई में गिरकर पलट गई। इस बस में 55 यात्री सवार थे।लखनऊ-अयोध्या नेशनल हाईवे पर शहर कोतवाली क्षेत्र में रविवार रात करीब तीन बजे गोरखपुर से दिल्ली जा रही रोडवेज बस अंडरपास के पास करीब 15 फीट नीचे जा गिरी और पलट गई। चीख पुकार सुनने के बाद के बीच हाईवे से गुजर रहे अन्य वाहनों ने पुलिस को सूचना दी। कड़ाके की ठंड और कोहरे के बीच भारी पुलिस बल ने राहत और बचाव शुरू किया। बस में करीब 55 यात्री सवार थे। हादसे में करीब 20 यात्रियों के घायल होने की सूचना है। मौके पर पहुंचे सीओ सिटी संगम कुमार स्वयं राहत और बचाव कार्य में लग रहे। घायलों का इलाज किया जा रहा है।

# Delhi Pollution:

## कड़ाके की ठंड के बीच प्रदूषण का कहर, 'गंभीर' श्रेणी में फिजा, कई इलाकों में 450 पार AQI



एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के अनुसार, सोमवार सुबह दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 418 दर्ज किया गया, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है।राजधानी में पारा गिरने और खराब मौसम की स्थिति ने दिल्ली को गैस चैंबर बना दिया है। सोमवार सुबह को भी हवा गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे की मोटी परत से हुई। इसके चलते कई इलाकों में दृश्यता बेहद कम रही। गंभीर प्रदूषण के चलते सांस के मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही, लोगों को आंखों में जलन जैसी समस्या हुई। यही नहीं, सड़कों पर लोग मास्क पहने हुए दिखे। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, सोमवार सुबह दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 418 दर्ज किया गया है, जो 'गंभीर' श्रेणी में आता है।केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के अलीपुर में 395, आनंद विहार में 462, अशोक विहार में 473, आया नगर में 340, बवाना में 448, बुराड़ी में 460, और चांदनी चौक इलाके में 454 एक्यूआई दर्ज किया गया है।वहीं, डीटीयू इलाके में 467, द्वारका सेक्टर-8 में 427, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 में 340, आईटीओ में 431, लोधी रोड में 382, मुंडका में 467, नजफगढ़ में 346, नरेला में 437, पंजाबी बाग में 434, आरकेपुरम में 439, रोहिणी में 471, सोनिया विहार में 469, विवेक विहार में 472 और वजीरपुर में 472 एक्यूआई दर्ज किया गया है।इसके अलावा, वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने शनिवार देर रात को दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रेप)-4 की पाबंदियां लागू कर दी हैं। ऐसे में राजधानी में अब ग्रेप के सारे चरण लागू हैं। इन चरण के तहत प्रदूषण को कम करने के लिए 5-पॉइंट एक्शन प्लान को सख्ती से लागू किया जाएगा।विशेषज्ञों के अनुसार, लगातार बनी हुई गंभीर वायु गुणवत्ता का मुख्य कारण मौसम का मिजाज है। ऐसे में तापमान में कमी के कारण प्रदूषण के स्तर में भारी वृद्धि हुई है और पश्चिमी विक्षोभ के चलते वायु गुणवत्ता जो नीचे फंसी हुई ठंडी हवा को ऊपर उठने नहीं देती है। इसी ठंडी हवा में गाड़ियों का धुआं और निर्माण की धूल जैसे प्रदूषक जमा हो जाते हैं। प्रदूषकों को ऊपर जाने का रास्ता नहीं मिलता, इसलिए वे जमीन के बहुत करीब फंसे रहते हैं। साथ ही, जब बारिश नहीं होती और हवा भी धीरे चलती है,

# कृति सेनन ने रूमर्ड बॉयफ्रेंड के साथ दिए पोज




कृति सेनन के बारे में कुछ समय से यह अफवाह है कि वह कबीर बहिया को डेट कर रही हैं। दोनों ने कई बार एक ही लोकेशन से तस्वीरें शेयर कीं, जिसकी वजह से नेटिजन्स का इस पर ध्यान गया कि दोनों एक दूसरे को डेट कर रहे हैं। हाल ही में कृति सेनन की बहन नूपुर सेनन ने अपने बॉयफ्रेंड स्टेबिन बेन से शादी की। इस शादी में कृति और कबीर को एक ही कार में आते हुए देखा गया। कबीर ने अब शादी की तस्वीरें शेयर की हैं। कृति के साथ उनकी अकेले की फोटो ने ज्यादा ध्यान खींचा है

# गोविंदा ने एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर के आरोप पर रखी बात



बॉलीवुड एक्टर गोविंदा और सुनीता आहूजा सार्वजनिक तकरार की वजह से सुर्खियों में हैं। अफवाहें हैं कि इस जोड़े की शादीशुदा जिंदगी में कुछ दिक्कतें हैं, जिसकी वजह से जोड़ा तलाक के जरिए अलग होने की कगार पर है। अफवाह यह भी है कि गोविंद का एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर चल रहा है। पर गोविंदा ने अपनी बात रखी है। हाल ही में सुनीता आहूजा ने कहा कि वह गोविंदा को कभी माफ नहीं करेंगी क्योंकि उनके कई अफेयर थे। इस पर गोविंदा ने कहा कि सुनीता को एक साजिश के तहत इस्तेमाल किया जा रहा है। उन्होंने एएनआई से कहा 'मैंने देखा है कि कभी-कभी जब हम नहीं बोलते, तो या तो हम कमजोर दिखते हैं या लगता है कि हम ही समस्या हैं।

# जूही चावला ने पति जय मेहता के जन्मदिन पर लिया संकल्प



हाल ही में बॉलीवुड अभिनेत्री जूही चावला ने सोशल मीडिया पर अपने पति जय मेहता के जन्मदिन पर बहुत प्यारा पोस्ट शेयर किया। उन्होंने जय को सबसे अच्छा दोस्त बताया और कहा कि वह बहुत खुशकिस्मत हैं कि उन्हें ऐसा जीवनसाथी मिला। इसके साथ ही जूही ने पति के जन्मदिन पर एक खास संकल्प लिया है, जिसे पूरा करना काफी मुश्किल लग रहा है।जूही ने इंस्टाग्राम पर पति जय के साथ कई शानदार और प्यारी तस्वीरें शेयर कीं। लाजवाब तस्वीरों के साथ जूही ने कैप्शन में लिखा, 'वह जीते हैं, हंसते हैं और सबको साथ लेकर चलते हैं। ऐसा दोस्त हर किसी को मिल सकता है। मैं बहुत भाग्यशाली हूं... जन्मदिन मुबारक हो जय... 1000 पेड़।' इसमें 1000 पेड़ का जिक्र इसलिए है क्योंकि जूही ने जय के जन्मदिन पर पर्यावरण के लिए इतने पेड़ लगाने का फैसला किया है।

# सऊदी अरब में छुट्टी क्यों मनाना चाहते हैं शाहरुख खान?



शाहरुख खान अपने बेहतरीन स्टाइल और लुक के लिए जाने जाते हैं। हाल ही में उन्होंने सऊदी अरब में जॉय अवॉर्ड्स 2026 में अपना जलवा दिखाया है। प्रोग्राम में उन्होंने शानदार एंट्री की और रेड कार्पेट पर चार्म दिखाया। जॉय अवॉर्ड्स के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल से शेयर किए गए एक वीडियो में शाहरुख खान ने इवेंट का हिस्सा बनकर खुशी जाहिर की। शाहरुख खान ने कहा, 'यहां आना हमेशा अच्छा लगता है। मुझे पहले वाले दिन याद हैं। यह पहले से ज्यादा खूबसूरत हो गया है। वापस आकर अच्छा लग रहा है।' उन्होंने सऊदी अरब में अपने फैंस से मिले प्यार पर कहा 'यह जानकर कि यहां के लोगों को मेरा काम पसंद है अच्छा लग रहा है। मुझे लगता है कि यहां सब लोग बहुत मिलनसार, प्यारे और मेहमाननवाज हैं।'

# 'बॉर्डर 2' के क्रेडिट्स में जोड़ा जाएगा 'धुरंधर 2' का टीजर?

आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर 2' की झलक का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रणवीर सिंह की फिल्म का टीजर 'बॉर्डर 2' की रिलीज के साथ दिखाया जा सकता है।'धुरंधर 2' और रणवीर सिंह के फैंस के लिए अच्छी खबर है कि वह जल्द ही आदित्य धर की इस फिल्म का टीजर देख सकेंगे। जानकारी के मुताबिक, 'धुरंधर 2' का टीजर सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' के साथ 23 जनवरी 2026 को सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा।'धुरंधर' 2025 की सबसे बड़ी हिट फिल्म रही। यह फिल्म अभी भी बॉक्स ऑफिस पर बरकरार है और लगातार कमाई करती जा रही है। 'धुरंधर'




के बाद फैंस इसके सीक्वल (धुरंधर 2) के टीजर देखने के लिए काफी उत्सुक हैं। निर्देशक आदित्य धर ने पहली फिल्म के अंत वाले हिस्से (एंड-क्रेडिट्स) को थोड़ा बदलकर इसे टीजर के रूप में तैयार किया है। यह टीजर 'बॉर्डर 2' देखने आए दर्शकों को 23 जनवरी को सरप्राइज कर देगा।धुरंधर 2' में रणवीर सिंह के अलावा अक्षय खन्ना, संजय दत्त, आर. माधवन, अर्जुन रामपाल और राकेश बेदी जैसे बड़े कलाकार होंगे। यह जासूसी-एक्शन थ्रिलर फिल्म असली घटनाओं (जैसे IC-814 अपहरण, संसद हमला, मुंबई हमले) से प्रेरित है। फिल्म 19 मार्च 2026 को रिलीज होगी (ईद के समय), जो कन्नड़ एक्टर यश की फिल्म 'टॉक्सिक' के साथ क्लैश करेगी।'बॉर्डर 2' जेपी दत्ता की पुरानी क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल है। इसमें सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी हैं। यह 1971 के भारत-पाक युद्ध पर बनी है। यह फिल्म 23 जनवरी 2026 को सिनमाघरों में रिलीज हो

### Greenland Row: ग्रीनलैंड विवाद से यूरोप-अमेरिका आमने-सामने,

# ट्रंप के टैरिफ पर EU की जवाबी तैयारी



ग्रीनलैंड को लेकर उभरे ताजा विवाद ने यूरोप और अमेरिका के रिश्तों में नई खटास पैदा कर दी है। आर्कटिक क्षेत्र में बढ़ते रणनीतिक महत्व के कारण अमेरिका की नजर ग्रीनलैंड पर लंबे समय से टिकी है, जबकि यूरोपीय संघ इसे अपनी क्षेत्रीय संप्रभुता से जुड़ा संवेदनशील मुद्दा मानता है। डेनमार्क और ग्रीनलैंड प्रशासन ने साफ कहा है कि द्वीप की स्थिति को लेकर किसी भी तरह का बाहरी दबाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। विशेषज्ञों के मुताबिक यह लड़ाई केवल जमीन की नहीं, बल्कि खनिज संसाधनों, सैन्य ठिकानों और नए समुद्री मार्गों पर नियंत्रण की है।

दूसरी ओर ट्रंप प्रशासन के समय लगाए गए टैरिफ आज भी EU के लिए बड़ी चुनौती बने हुए हैं। यूरोपीय संघ अब अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी शुल्क लगाने और वैकल्पिक व्यापार साझेदार तलाशने की रणनीति बना रहा है। ब्रसेल्स में हुई बैठकों में यूरोपीय नेताओं ने संकेत दिए हैं कि अगर वाशिंगटन का रुख नहीं बदला तो आर्थिक टकराव और गहरा हो सकता है।

## Indians At Davos WEF 2026

# स्विटजरलैंड में आर्थिक नीतियों पर मंथन,



स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम 2026 में इस बार भारत की मजबूत मौजूदगी देखने को मिल रही है। महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक और दिल्ली समेत कई राज्यों के उद्योगपति, नीति निर्माता और स्टार्टअप लीडर्स वैश्विक आर्थिक चुनौतियों पर चर्चा के लिए पहुंचे हैं। सम्मेलन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ग्रीन एनर्जी, डिजिटल इकोनॉमी और सप्लाई चेन जैसे मुद्दों पर गहन मंथन हो रहा है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल का फोकस देश में विदेशी निवेश बढ़ाने और मेक इन इंडिया को नई गति देने पर है।

महाराष्ट्र और गुजरात से आए प्रमुख उद्योग समूहों ने निवेशकों के साथ अलग-अलग बैठकें कीं, जिनमें इंफ्रास्ट्रक्चर, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन और फिनटेक सेक्टर में संभावनाओं पर बात हुई।

## The Bonus Market Update

### लाल निशान पर खुला शेयर बाजार, डॉलर के मुकाबले रुपया हुआ मजबूत

हफ्ते के कारोबारी सत्र में भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। सेंसेक्स और निफ्टी दोनों प्रमुख सूचकांक लाल निशान में खुले, जिससे निवेशकों में सतर्कता का माहौल दिखा। बैंकिंग, आईटी और मेटल सेक्टर के शेयरों में बिकवाली हावी रही, जबकि एफएमसीजी और फार्मा शेयरों में हल्की खरीदारी देखने को मिली। वैश्विक बाजारों से मिले कमजोर संकेतों और विदेशी निवेशकों की निकासी का असर घरेलू बाजार पर साफ नजर आया। विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले सत्रों में बाजार की चाल कंपनियों के तिमाही नतीजों और विदेशी संकेतों पर निर्भर करेगी।



वहीं दूसरी ओर मुद्रा बाजार से राहत भरी खबर आई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया मजबूती के साथ खुला और शुरुआती कारोबार में बढ़त दर्ज की। कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और विदेशी पूंजी के सीमित प्रवाह से रुपये को सहारा मिला है।

### Cyber Insurance: यूपीआई फ्रॉड से डिजिटल अरेस्ट तक

# एक छोटी पॉलिसी बचा सकती है जिंदगी भर की कमाई



डिजिटल लेनदेन बढ़ने के साथ ही साइबर अपराध के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। यूपीआई फ्रॉड, फिशिंग लिंक, ओटीपी चोरी और तथाकथित "डिजिटल अरेस्ट" जैसे तरीकों से ठग आम लोगों की गाढ़ी कमाई मिनटों में साफ कर दे रहे हैं। ऐसे हालात में साइबर इंश्योरेंस एक मजबूत सुरक्षा कवच बनकर उभर रहा है। यह पॉलिसी बैंक खाते से हुई अवैध निकासी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, पहचान चोरी और सोशल मीडिया हैकिंग जैसी घटनाओं में आर्थिक नुकसान की भरपाई करती है। बीमा विशेषज्ञों का कहना है कि जिस तरह लोग हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस को जरूरी मानते हैं, उसी तरह अब साइबर बीमा भी अनिवार्य जरूरत बन गया है।

आजकल ठग खुद को पुलिस, सीबीआई या कस्टम अधिकारी बताकर लोगों को डराते हैं और डिजिटल अरेस्ट के नाम पर मोटी रकम वसूल लेते हैं। कई मामलों में पीड़ित कानूनी प्रक्रिया में उलझकर अपनी पूरी बचत गंवा बैठते हैं। साइबर इंश्योरेंस न केवल आर्थिक सुरक्षा देता है, बल्कि कानूनी मदद, फॉरेंसिक जांच और बैंक से समन्वय जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध कराता है।

## Gold-Silver Prices

# सोने-चांदी की कीमतों में जारी रहेगी तेजी

सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तेजी का दौर बना हुआ है। एमसीएक्स पर बीते सप्ताह सोना 2.7 फीसदी बढ़कर 1,43,590 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच गया, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसका भाव 4,595 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ। विश्लेषकों के मुताबिक डॉलर के मुकाबले रुपये की कमजोरी, ईरान समेत वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग ने कीमतों को सहारा दिया है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि अगले सप्ताह सोना घरेलू बाजार में 1,46,000 रुपये प्रति 10 ग्राम और वैश्विक स्तर पर 4,750 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच सकता है।



चांदी ने भी जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए एमसीएक्स पर 14 फीसदी की छलांग लगाई और 2,92,960 रुपये प्रति किलो के स्तर तक पहुंच गई, हालांकि आगे इसमें कुछ समेकन देखने को मिल सकता है। बाजार जानकारों का कहना है कि आने वाले दिनों में सोने-चांदी की चाल वैश्विक आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगी।

### CII: व्यापार विश्वास सूचकांक तीसरी तिमाही में बढ़कर 66.5 पर

# पांच तिमाहियों का उच्चतम स्तर

भारतीय उद्योग परिसंघ (CII) का बिजनेस कॉन्फिडेंस इंडेक्स लगातार तीसरी तिमाही में बढ़त दर्ज करते हुए 66.5 के स्तर पर पहुंच गया है, जो पिछले पांच तिमाहियों में सबसे ऊंचा आंकड़ा है। यह बढ़ोतरी अर्थव्यवस्था में मजबूत मांग, सरकारी सुधारों और निवेश के बेहतर माहौल का संकेत मानी जा रही है। सर्वे में शामिल अधिकांश कंपनियों ने उत्पादन, बिक्री और रोजगार के मोर्चे पर सकारात्मक रुझान की बात कही है। खासतौर पर मैन्युफैक्चरिंग, इंफ्रास्ट्रक्चर और सर्विस सेक्टर में सुधार ने उद्योग जगत का भरोसा मजबूत किया है। CII के अनुसार घरेलू खपत में तेजी, कैपेक्स में बढ़ोतरी और निर्यात के मोर्चे पर स्थिरता ने कारोबारी माहौल को बेहतर बनाया है।



उद्योगपतियों का मानना है कि सरकार की नीतिगत स्थिरता, जीएसटी संग्रह में सुधार और बैंकिंग सेक्टर की मजबूत स्थिति से आने वाली तिमाहियों में भी ग्रोथ बनी रहेगी। हालांकि वैश्विक अनिश्चितताओं, कच्चे तेल की कीमतों और भू-राजनीतिक तनाव को लेकर कुछ चिंताएं अब भी बरकरार हैं।

## Chinese Economic Growth:

### चीन की विकास दर 5 फीसदी पर, मजबूत निर्यात से मिली अर्थव्यवस्था को रफ्तार

चीनी अर्थव्यवस्था ने बीते वर्ष 5 फीसदी की विकास दर हासिल की है, जिसे वैश्विक सुस्ती के बीच मजबूत प्रदर्शन माना जा रहा है। सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार निर्यात में आई तेजी, औद्योगिक उत्पादन में सुधार और घरेलू खपत बढ़ने से अर्थव्यवस्था को बड़ा सहारा मिला। खासतौर पर इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और ग्रीन एनर्जी से जुड़े उत्पादों की विदेशों में बढ़ी मांग ने चीन के व्यापार संतुलन को मजबूती दी। विशेषज्ञों का कहना है कि महामारी के बाद लागू प्रोत्साहन नीतियों और सप्लाई चेन के दोबारा सक्रिय होने का सीधा लाभ चीनी अर्थव्यवस्था को मिला है। हालांकि इस सकारात्मक तस्वीर के बीच कुछ चुनौतियां भी बनी हुई हैं।



रियल एस्टेट सेक्टर की सुस्ती, स्थानीय सरकारों पर कर्ज का दबाव और वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता चीन के लिए चिंता का विषय हैं। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि आने वाले महीनों में बीजिंग को घरेलू मांग बढ़ाने और निजी निवेश को प्रोत्साहित करने पर जोर देना होगा।

### Gujarat: अदाणी समूह कच्छ में करेगा 1.5 लाख करोड़ का निवेश

# बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा अक्षय ऊर्जा पार्क

गुजरात के कच्छ जिले में अदाणी समूह एक बड़ा निवेश करने जा रहा है। समूह ने यहां करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश से दुनिया का सबसे बड़ा अक्षय ऊर्जा पार्क विकसित करने की योजना की घोषणा की है। इस प्रोजेक्ट के पूरा होने पर कच्छ वैश्विक स्तर पर रिन्यूएबल एनर्जी का बड़ा केंद्र बनकर उभरेगा और भारत की ग्रीन एनर्जी क्षमता को नई मजबूती मिलेगी। अदाणी समूह के मुताबिक, इस विशाल अक्षय ऊर्जा पार्क में सोलर और विंड एनर्जी प्रोजेक्ट्स शामिल होंगे, जिनसे हजारों मेगावॉट बिजली का उत्पादन किया जाएगा।



राज्य सरकार का कहना है कि यह परियोजना गुजरात को रिन्यूएबल एनर्जी के क्षेत्र में अग्रणी बनाएगी और देश के नेट-जीरो लक्ष्यों को हासिल करने में अहम भूमिका निभाएगी।

# IND vs NZ: रोहित-जडेजा की विफलता बनी न्यूजीलैंड से सीरीज हार की वजह? जानें 38 साल बाद क्यों और कैसे हारा भारत



भारत की 2-1 से न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज हार ने दिखाया कि टीम में कई पुरानी खामियां अब भी मौजूद हैं, रोहित शर्मा की धीमी शुरुआत, जडेजा जैसे प्रमुख खिलाड़ियों की नाकामी, मध्यक्रम की अस्थिरता, गेंदबाजी में धार की कमी और प्लान-बी का अभाव। कोहली की शतकीय पारी जैसी सकारात्मक चीजें थीं, लेकिन एक टीम के रूप में भारत फ्लॉप रहा। आने वाले बड़े टूर्नामेंट्स को देखते हुए इन मसलों पर तुरंत सुधार जरूरी है। भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे में 41 रन से हार मिली। इंदौर में मिली इस हार के साथ ही टीम इंडिया ने तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से गंवा दी। पिछले तीन महीने के अंदर यह टीम इंडिया की तीन में से दूसरी वनडे सीरीज हार रही। इससे पहले अक्तूबर में भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हार मिली थी, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वापसी ने संकेत दिए थे कि अपने घर में हम अब भी मजबूत हैं, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू जमीन पर 2-1 की हार ने कई सवाल खड़े कर दिए। भारत का पावरप्ले लंबे समय तक रोहित शर्मा की आक्रामकता पर निर्भर रहा है, लेकिन इस सीरीज में उन्होंने न गति दी, न स्थिरता। खराब टाइमिंग, सीमित शॉट चयन और कम स्ट्राइक रेट ने भारत की शुरुआत को कमजोर किया। असिस्टेंट कोच रेयान टेन डेशकाटे के मुताबिक रोहित क्रिकेट से शॉर्ट दिख रहे थे। जब ओपनर बल्लेबाज रन नहीं बनाता, तो मध्यक्रम दबाव में आता है और यही इस सीरीज में दिखाई दिया। विराट कोहली को पावरप्ले की कमी की भरपाई करनी पड़ी, लेकिन कई बार अंत तक यह नुकसान भारी साबित हुआ। रवींद्र जडेजा भारत के बैलेंस प्लेयर हैं, गेंदबाजी में नियंत्रण, बल्लेबाजी में स्थिरता और फील्डिंग में एक्स्ट्रा वैल्यू, लेकिन न्यूजीलैंड के खिलाफ वे दो बड़े विभागों में फ्लॉप रहे। बीच के ओवरों में उनका काम रन रोकना और विकेट निकालना होता है।

## IND vs NZ: 38 साल में पहली बार न्यूजीलैंड ने भारत में जीती वनडे सीरीज

न्यूजीलैंड ने भारत को तीसरे और निर्णायक वनडे मुकाबले में 41 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ टीम ने 2-1 से तीन मैचों की वनडे सीरीज भी अपने नाम कर ली। 38 साल बाद न्यूजीलैंड ने भारत की सरजमीं पर इतिहास रच दिया। इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए तीसरे और निर्णायक वनडे मुकाबले में कीवियों ने भारत को 41 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। यह भारत में न्यूजीलैंड की आठ कोशिशों में पहली द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीत है, इससे पहले टीम 1988 से लगातार असफल रही थी। इस हार के साथ भारत को इंदौर में भी पहली बार वनडे में शिकस्त झेलनी पड़ी, जहां उसने इससे पहले लगातार सात मैच जीते थे। इतना ही नहीं, अक्तूबर 2022 के बाद पहली बार ऐसा हुआ जब टॉस जीतने के बावजूद भारत को घरेलू वनडे में हार का सामना करना पड़ा। लगातार 13 जीत के बाद यह सिलसिला भी टूट गया। रविवार को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल और ग्लेन फिलिप्स के शानदार



शतकों की बदौलत निर्धारित 50 ओवरों में आठ विकेट पर 337 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 46 ओवर में 296 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से विराट कोहली ने बेहतरीन 124 रन की पारी खेली, जबकि हर्षित राणा ने 52 रन का योगदान दिया। भारत की शुरुआत खराब रही। कप्तान रोहित शर्मा 11 रन बनाकर आउट हुए जबकि शुभमन गिल 23 रन ही बना सके। श्रेयस अय्यर और केएल राहुल भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे, जिससे भारत का स्कोर 71/4 हो गया। इसके बाद कोहली ने नीतीश कुमार रेड्डी (57 गेंदों पर 53 रन) के साथ अहम साझेदारी कर मैच में जान फूंकी। कोहली ने सटीक ड्राइव्स, नियंत्रित पुल शॉट्स और जरूरत के हिसाब से बड़े शॉट खेलते हुए रन गति बनाए रखी। उन्होंने अपना शतक पूरा किया तो स्टेडियम तालियों से गूंज उठा। इंदौर में कोहली ने 92 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। यह विराट का 85वां अंतरराष्ट्रीय शतक रहा।

## Vijay Hazare Final: विदर्भ ने पहली बार जीता खिताब

Vijay Hazare Trophy Final Highlights VID vs SAUR : अथर्व तायडे के शानदार शतक और सटीक गेंदबाजी के दम पर विदर्भ ने सौराष्ट्र को 38 रन से हराकर पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी जीती। 317 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सौराष्ट्र की टीम 279 रन पर सिमट गई। VID vs SAUR Final Highlights : अथर्व तायडे की शतकीय पारी और गेंदबाजों के शानदार सामूहिक प्रदर्शन की बदौलत विदर्भ ने सौराष्ट्र को फाइनल मुकाबले में 38 रन से हराकर इतिहास रच दिया। इस जीत के साथ ही विदर्भ ने पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। रोमांचक मुकाबले में जहां तायडे के बल्ले ने मैच की दिशा तय की, वहीं अनुशासित गेंदबाजी ने सौराष्ट्र की चुनौती को आखिर में रोक दिया। फाइनल मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए विदर्भ ने 50 ओवर में 8 विकेट पर 317 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। विदर्भ की पारी के हीरो अथर्व तायडे रहे, जिन्होंने 118 गेंदों में 128 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। उनकी पारी में 15 चौके और 3 छक्के शामिल थे। तायडे ने पारी की बेहतरीन गति बनाए रखी और पहले संभलकर खेलते हुए बाद में आक्रामक रुख अपनाया।



# IND vs NZ: 'सुधार की जरूरत', 2-1 से सीरीज हारकर भड़के कप्तान शुभमन गिल; नीतीश रेड्डी के प्रदर्शन पर भी की बात

विराट कोहली की शानदार बल्लेबाजी और कुछ खिलाड़ियों के अच्छे प्रदर्शन के बावजूद भारत न्यूज़ीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज हार गया। कप्तान शुभमन गिल ने हार के बाद कहा कि टीम में कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां सुधार की सख्त जरूरत है। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज हारने के बाद कहा कि विराट कोहली की शानदार फॉर्म और हर्षित राणा का ऑलराउंड प्रदर्शन टीम के लिए सकारात्मक पहलू रहे, लेकिन इसके बावजूद टीम को कई क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है। सीरीज के निर्णायक मुकाबले में विराट कोहली ने अपना रिकॉर्ड बढ़ाते हुए 54वां वनडे शतक लगाया, लेकिन भारत 338 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 46 ओवर में 296 रन पर ऑलआउट हो गया और मैच 41 रन से हार गया। भारत की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम 71 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद नीतीश कुमार रेड्डी (53) और हर्षित राणा (52) ने अर्धशतक जमाए, लेकिन बल्लेबाजों के लिए अनुकूल पिच और छोटे मैदान के बावजूद भारत लक्ष्य से काफी पीछे रह गया। सीरीज हारने के बाद गिल ने कहा, 'पहला मैच जीतने के बाद सीरीज 1-1 थी, ऐसे में यहां आकर जिस तरह हमने खेला, उससे हम निराश हैं। कई ऐसे क्षेत्र हैं जिन पर हमें पीछे मुड़कर देखने, आत्ममंथन करने और बेहतर करने की जरूरत है। इस दौरान गिल ने विराट कोहली की तारीफ की। उन्होंने आगे कहा।



## IND vs NZ: इंदौर वनडे में आया नीतीश रेड्डी का तूफान पहला अर्धशतक जड़कर खास अंदाज में मनाया जश्न

नीतीश कुमार रेड्डी ने न्यूजीलैंड के खिलाफ इंदौर में खेले जा रहे तीसरे और निर्णायक वनडे में शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। इस प्रारूप में पहला अर्धशतक पूरा होने के बाद दाएं हाथ के बल्लेबाज ने शानदार अंदाज में जश्न मनाया। न्यूजीलैंड के खिलाफ इंदौर में खेले जा रहे तीसरे और निर्णायक वनडे मुकाबले में नीतीश कुमार रेड्डी का बल्ला जमकर गरजा। उन्होंने शानदार अर्धशतकीय पारी के साथ भारत को मुश्किल से उबारा। वनडे प्रारूप में पहला अर्धशतक पूरा होने के बाद दाएं हाथ के बल्लेबाज ने खास अंदाज में जश्न मनाया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। नीतीश रेड्डी ने 54 गेंदों में अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। वह शानदार फॉर्म में नजर आए और विराट कोहली के साथ पांचवें विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी निभाई। हालांकि, पारी के 28वें ओवर में क्रिस्टियन क्लार्क ने विल यंग के हाथों उन्हें आउट करा दिया। वह दो चौके और दो छक्के की मदद से 53 रनों की पारी खेलने में कामयाब हुए। डेरिल मिचेल के लगातार दूसरे शतक और ग्लेन फिलिप्स के तूफानी शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने रविवार को खेले गए सीरीज के निर्णायक तीसरे वनडे मुकाबले में भारत के खिलाफ आठ विकेट पर 337 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। हालांकि, भारतीय तेज गेंदबाजों ने शुरुआत में मेहमान टीम को बड़े झटके दिए थे। मिचेल (137 रन) और फिलिप्स (106 रन) ने चौथे विकेट के लिए 219 रनों की शानदार साझेदारी की, जिसने न्यूजीलैंड की पारी की दिशा ही बदल दी। मिचेल ने एक छोर संभालते हुए पारी को संभाला, जबकि फिलिप्स ने आक्रामक बल्लेबाजी से रन गति को तेज रखा। एक समय भारत मैच पर पूरी तरह हावी नजर आ रहा था, जब न्यूजीलैंड का स्कोर 58 रन पर तीन विकेट हो चुका था, लेकिन मिचेल और फिलिप्स की जोड़ी ने मुकाबले को बराबरी पर ला खड़ा किया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह, जिन्हें प्रसिद्ध कृष्णा की जगह टीम में शामिल किया गया था, उन्होंने पहले ही ओवर में हेनरी निकोल्स (0) को आउट कर प्रभावशाली शुरुआत दिलाई। ऑफ स्टंप के करीब से डाली गई शानदार आउटस्विंगर पर निकोल्स दुविधा में पड़ गए और गेंद उनके बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर सीधे लेग स्टंप से जा टकराई। अर्शदीप ने 10 ओवर में 63 रन देकर तीन विकेट झटके।



# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612

